प्रीलिम्स फैक्ट्स : 15 नवंबर, 2018

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-15-11-2018

जीएसएटी-29 उपग्रह

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने 14 नवंबर, 2018 को संचार उपग्रह जीएसएटी-29 (GSAT-29) का सफल प्रक्षेपण किया।

- इसरो ने इस उपग्रह को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से अपने सबसे शक्तिशाली रॉकेट **जीएसएलवी-एमके3-डी2** के ज़रिये लॉन्च किया।
- ISRO के अनुसार, इस संचार उपग्रह का उद्देश्य नई और महत्त्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के लिये **टेस्ट बेड** (परीक्षण के लिये उपकरणों से सुसज्जित एक जगह) के रूप में कार्य करना है।
- क्यू-बैंड और का-बैंड (Ku-band and Ka-band) पेलोड के माध्यम से देश के दूरदराज़ के क्षेत्रों, विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर और उत्तर-पूर्व में लोगों की संचार आवश्यकताओं को पूरा किये जाने की उम्मीद है।

भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला **2018**

14 नवंबर को नई दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (india International Trade Fair- ITTF) 2018 शुरू हुआ।

- **भारत व्यापार संवर्द्धन संगठन** (India Trade Promotion Organization- ITPO) द्वारा आयोजित यह महत्त्वपूर्ण व्यापार मेला 14 से 27 नवंबर, 2018 तक चलेगा।
- इस बार भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले का साझीदार देश अफगानिस्तान और फोकस देश नेपाल है। झारखण्ड इस मेले का फोकस राज्य है।
- राज्यों, सरकारी विभागों, भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के लगभग 800 प्रतिभागी इस व्यापार मेले में भाग ले रहे हैं। इनमें बड़ी संख्या में ग्रामीण दस्तकार, शिल्पकार और SMEs उद्यमी शामिल हैं।
- मेले में भाग लेने के लिये अफगानिस्तान, चीन, हॉन्गकॉन्ग, किर्गिज़स्तान, ईरान, म्याँमार, नेपाल, नीदरलैंड, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, तुर्की, ट्यूनीशिया, वियतनाम और संयुक्त अरब अमीरात ने पंजीकरण कराया है।
- इस अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में अल्पसंख्यक मंत्रालय द्वारा **‘हुनर हाट’** का का भी आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा दस्तकारों, शिल्पकारों को मार्किट मुहैया कराने के मिशन के तहत देश के विभिन्न भागों में आयोजित 'हुनर हाट' की श्रृंखला के क्रम में यह 'हुनर हाट' आयोजित किया जा रहा है।

केंद्रीय और राज्य सूचना संगठनों का **26वाँ** सम्मेलन

सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की ओर से हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में 15-16 नवंबर, 2018 को केंद्रीय और राज्य संगठनों का 26वाँ सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।

- इस वर्ष के सम्मेलन का मूल विषय है-'**आधिकारिक आँकड़ों में गुणवत्ता आश्वासन**'।
- यह सम्मेलन केंद्र और राज्य की सांख्यिकीय एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिये एक प्रमुख राष्ट्रीय मंच है।
- सम्मेलन के दौरान केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों की ओर से मूल विषय पर अनेक पेपर प्रस्तुत किये जाएंगे।

RCEP की सातवीं अंतर-सत्र मंत्रिस्तरीय बैठक

12-13 नवंबर, 2018 को सिंगापुर में RCEP **(क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी)** की सातवीं अंतर-सत्र मंत्रिस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया।

- इस बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग और नागरिक उड्डयन मंत्री सुरेश प्रभु ने किया।
- बैठक की अध्यक्षता सिंगापुर के व्यापार एवं उद्योग मंत्री चान चुन सिंग ने की।
- क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (RCEP) एक मेगा या व्यापक क्षेत्रीय मुक्त व्यापार समझौता है जिसके लिये 16 देशों के बीच वार्ताएँ जारी हैं।
- इन 16 देशों में आसियान के 10 देश (ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड एवं वियतनाम) और आसियान FTA (मुक्त व्यापार समझौता) के छह साझेदार देश यथा- ऑस्ट्रेलिया, चीन, भारत, जापान, कोरिया और न्यूजीलैंड शामिल हैं।
- अब तक छह मंत्रिस्तरीय बैठकें, सात अंतर-सत्रात्मक मंत्रिस्तरीय बैठकें और तकनीकी स्तर पर व्यापार वार्ता समिति के 24 दौर आयोजित किये जा चुके हैं।

आंग सान सू की

- हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थान एमनेस्टी इंटरनेशनल ने रोहिंग्या अल्पसंख्यकों के मामलों पर म्याँमार की नेता **आंग सान सू की** की चुप्पी के चलते उनसे **'एम्बेसडर ऑफ कनसाइंस अवार्ड'** वापिस लेने की घोषणा की है।
- आंग सान सू की को यह पुरस्कार वर्ष 2009 में दिया गया था। उल्लेखनीय है कि जब उन्हें यह पुरस्कार दिया गया उस दैरान वह अपने घर में नज़रबंद थीं।
- एमनेस्टी इंटरनेशनल से पहले कई अन्य संस्थान और देश भी उन्हें दिये गए पुरस्कार वापस लेने की घोषणा कर चुके हैं।
- कनाडा सरकार ने उन्हें ऑनोरेरी नागरिकता प्रदान की थी जिसे अब वापिस ले लिया गया है। इसके अलावा मार्च 2018 में **यूएस हॉलोकास्ट** ने भी उनसे **'एली विसेल' (Elie Wiesel)** अवार्ड वापस ले लिया था।